C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 73 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 30 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भर्ती घोटालों पर गरजे कृषि मंत्री किरोड़ी, बोले- 'फर्जी आरएएस अफसरों को कुर्सी से हटाओ'



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

भर्ती घोटालों को लेकर प्रदेश की राजनीति में कृषि मंत्री ने एक बार फिर हमला बोला है । कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने शुक्रवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि जैसे उपनिरीक्षक एसआई भर्ती रद्द की गई है, वैसे ही फर्जीवाड़े से चयनित राजस्थान प्रशासनिक सेवा आरएएस के अधिकारियों को भी नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।

दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान केंद्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री मीणा ने कहा ÷मैंने राजस्थान लोक सेवा आयोग के तीन पूर्व अध्यक्षों और तीन सदस्यों के खिलाफ सबूत दिए थे। सरकार चाहे तो इन पर तुरंत गिरफ्तारी की कार्रवाई कर सकती है। जब परीक्षा ही कागज लीक होकर हुई है तो ऐसे अफसरों को पद पर रहने का कोई हक नहीं है।

डॉ. किरोड़ी ने मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्यों से अपील की कि इस मामले में अदालत में अपील करने की बजाय सीधे दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मंत्री बनने के बाद से ही उन्होंने यह मांग लगातार उठाई है और अब इसे अनदेखा करना अन्याय होगा।

### नए सबूत देंगे, और बड़े चेहरे फंसेंगे

कृषि मंत्री ने यह भी घोषणा की कि वे विशेष अभियान दल एसओजी को जल्द ही नए सबूत सौंपेंगे। इससे कुछ बड़े मगरमच्छ और जाल में फंसेंगे। अभी तक छोटे लोगों को पकड़ा गया है, लेकिन असली दोषी बचते रहे हैं।÷ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एसओजी के कुछ अधिकारी निर्दोषों को फंसाकर असली गुनहगारों को बचा रहे थे।

### बेनीवाल के आरोपों पर हुए भावुक

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कृषि मंत्री बोले उनके गंभीर आरोपों ने मुझे भीतर तक दुखी कर दिया है। बेनीवाल कहते हैं कि मैं बजरी और खाद-बीज में पैसे लेता हूं। यह सुनकर मुझे पीड़ा हुई। मैं कुछ भी कर सकता हूं, लेकिन भ्रष्टाचार कभी नहीं कर सकता। उन्होंने साफ कहा कि ÷हमारे रिश्ते नजदीकी रहे हैं। उनकी बातें मुझे परेशान करती हैं। लेकिन मैं इसे व्यक्तिगत मनमुटाव नहीं बनाना चाहता। डॉ. किरोड़ी ने कहा कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं, लेकिन अंततः फैसला जनता ही करती है। जनता सब देख रही है, वही सही समय पर फैसला भी करेगी।

## रूपारेल नदी में बही बाइक, एक ही परिवार के पांच लोग हादसे का शिकार , 3 को बचाया , दो लापता



**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं**

रूपारेल नदी पर शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। सारण-चौसला मार्ग पर सारण गांव के पास नदी पार करते समय एक ही बाइक पर सवार परिवार के पांच लोग तेज बहाव में बह गए। ग्रामीणों की सूझबूझ से तीन लोगों की जान बचा ली गई, लेकिन मां-बेटी अब भी लापता हैं।

हाड़ा का खेड़ा निवासी घासीलाल प्रजापत (50), पत्नी लीला (45), बेटी मैना (30) और मैना की 8 वर्षीय पुत्री व 5 वर्षीय पुत्र सारण स्थित देवनारायण मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे नदी में डेढ़ फीट पानी बह रहा था। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और पांचों लोग बहाव में बह गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घासीलाल,



उनकी पत्नी और छोटे बेटे को सुरक्षित निकाल लिया। जबकि मैना और उसकी बेटी नदी में बह गईं। दोनों की तलाश के लिए गोताखोर लगातार प्रयास कर रहे हैं।

सूचना पर बेगूं डीएसपी अंजलि सिंह, पारसोली नायब तहसीलदार और थानाधिकारी शिवराज राव पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य का जायजा लिया।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 133 किलो डोडा-चूरा व फॉर्च्यूनर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ फुलियाकलां**

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फुलियाकलां थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त अभियान में 133 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा जब्त किया। जब्त माल की अनुमानित कीमत करीब 13 लाख रुपये है। इसके साथ ही मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त एक फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपये



आंकी गई है।

थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 28 अगस्त की शाम करीब 6ः21 बजे थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान शाहपुरा की ओर से तेज रफ्तार में आती एक सफेद फॉर्च्यूनर को रुकवाने का प्रयास किया गया। चालक ने कार नहीं रोकी और भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने आगे के टायर को पंचर कर वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक कार को खेतों की ओर मोड़कर फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर सात काले प्लास्टिक कट्टों में कुल 133 किलो डोडा-चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है । मामले की जांच बनेड़ा थानाधिकारी मूलचंद कर रहे है ।

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर आज भीलवाड़ा दौरे पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर 30 अगस्त शनिवार को भीलवाड़ा के दौरे पर रहेंगे।


मंत्री सुबह 9 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे। जिसके बाद सुबह 10 बजे वे आरसीएम वर्ल्ड ग्रोथ सेंटर स्वरूपगंज में आयोजित सुविचार अभियान संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे।

अपराह्न 2 बजे नगर निगम के





महाराणा प्रताप सभागार टाउन हॉल में जिले के प्रधानाचार्यों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 6 बजे वे भीलवाड़ा से कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भीलवाड़ा में बारिश का कहर, सड़कें बनीं नदियां, कारें डूबीं, मंडी-मैदान जलमग्न, प्रशासन अलर्ट









**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार सुबह से हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। मात्र तीन घंटे में 53 एमएम बारिश दर्ज की गई, जिससे सड़कों पर नदी-नालों जैसे हालात बन गए। निचले इलाकों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया और घर-दुकानों में पानी घुस गया। कई कारें व बाइकें पानी में डूब गई, जबकि खेत-खलिहान कट गए और नाले उफान पर आ गए।

सितंबर में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा होने वाला मेडिसिटी मैदान भी पानी में डूब गया, जबकि यहां तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। शहर के बड़ा मंदिर, बहाला, गुलमंडी, बस स्टैंड, हरी सेवा धर्मशाला और शास्त्री नगर समेत कई क्षेत्रों में कारों के पहिए तक पानी में डूब गए और बाइकें आधी से ज्यादा जलमग्न हो गईं।

तेज बारिश से पांडू का नाला पूरे उफान पर रहा, कई कॉलोनियों को जोड़ने वाले रास्ते कट गए और ग्रामीण इलाकों का संपर्क शहर से टूट गया। शास्त्री नगर का मुख्य नाला भर जाने से कॉलोनियों में पानी घुस गया। कृषि मंडी परिसर में भी जलभराव हो गया, जिससे अनाज और व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुईं।

विजयसिंह पथिक नगर, कंचन विहार, सांगानेर रोड, पथिक नगर रोड और मुख्य बाजार क्षेत्र में दुकानों व मकानों में पानी घुस गया। व्यापारी सामान बचाने में जुटे रहे तो आम लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए।

काशीपुरी अंडरब्रिज में 7-8 फीट तक पानी भरने से यातायात ठप हो गया। कई वाहन बीच में फंस गए, जिन्हें धक्का देकर बाहर निकालना पड़ा, इससे पूरे इलाके में लंबा जाम लग गया।

हालात को देखते हुए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट में आपदा प्रबंधन टीम तैनात की है। पुलिस और नगर परिषद की टीमें अलर्ट मोड पर हैं। फिलहाल किसी बड़ी दुर्घटना की सूचना नहीं है। बारिश से तापमान में गिरावट आई और उमस व भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार जिले में अगले दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## नाकाबंदी में बड़ी कामयाबी : बोलेरो से 36 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन से 36 किलो 8 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त की रात करीब 1 बजे मीणों का झोपड़ा, सरहद कोदुकोटा में नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध बोलेरो दिखाई दी। चालक ने पुलिस को देखकर वाहन को सड़क से नीचे दबाकर वापस मोड़ने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने उसे रोक लिया।

वाहन में चालक की सीट पर सांवरलाल जाट (42) निवासी पपलाज, थाना कोटड़ी तथा खलासी सीट पर अंकित आचार्य (24) निवासी आचार्य मोहल्ला, सवाईपुर रोड, कोटड़ी बैठे मिले। पूछताछ में दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी लेने पर वाहन से 8 प्लास्टिक पैकेट मिले, जिनमें कुल 36 किलो 8 ग्राम अवैध गांजा पाया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर वाहन सहित गांजा जब्त किया। मामले की जांच मंगरोप थानाधिकारी कर रहे है ।

# बनास नदी ने छीनी दो मासूम सहेलियों की जिंदगी , अंशु के बाद मिली तनु की लाश, गांव में मचा कोहराम







**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद**

बड़लियास थाना क्षेत्र के नाहरगढ़ गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में गुरुवार को पानी में डूबी दोनों बालिकाओं में से दूसरी बालिका का शव शुक्रवार को बरामद हुआ। गुरुवार को बकरियों को पानी पिलाने गईं अंशु कंवर (17) पुत्री भंवर सिंह और तनु सेन (18) पुत्री कैलाश सेन नदी में डूब गई थीं। घटना की सूचना पर ग्रामीणों ने पुलिस व गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। चार घंटे की मशक्कत के बाद अंशु कंवर का शव मिल गया था, लेकिन तनु सेन का पता नहीं चला। एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और स्थानीय गोताखोरों की टीमों ने शुक्रवार सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू किया। दोपहर बाद घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर श्रीपुरा-सोपुरिया के बीच बनास नदी की पुलिया के पास झाड़ियों में तनु सेन का शव अटका हुआ मिला। टीम ने शव को बाहर निकालकर बड़लियास चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में बालिका का अंतिम संस्कार किया गया।

# डीएसटी ने 5-5 हजार के दो वांछित अपराधी दबोचे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला स्पेशल टीम डीएसटी ने कार्रवाई करते हुए 5-5 हजार रुपए के इनामी वांछित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में इनामी और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए डीएसटी टीम गठित की गई थी। टीम ने 29 अगस्त को कार्रवाई करते हुए भदाली खेड़ा, थाना मांडल निवासी नारु पुत्र देवी मेरात (35) और बबलू पुत्र देवी मेरात (30) को गिरफ्तार किया। दोनों हाल नया गांव, थाना सदर, जिला ब्यावर में रह रहे थे। दोनों आरोपियों के विरुद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी था। लंबे समय से फरार चल रहे दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। डीएसटी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर दोनों को डिटेन कर गिरफ्तार किया। फिलहाल दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी में वांछित 5 हजार का इनामी वारंटी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस प्रकरण में वांछित 5 हजार रुपए के इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है।

हैड कांस्टेबल मोहनलाल मीणा ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी नई आबादी काछोला निवासी शुभम पुत्र गोपाललाल को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# सेवादल कांग्रेस की पहचान और ढाल, इसे बनाए रखना होगा : धीरज गुर्जर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि सेवादल कांग्रेस की पहचान और ढाल है, इसकी असली पहचान सेवा कार्य है जिसे हमें बनाए रखना होगा। वे शुक्रवार को भीलवाड़ा जिला कांग्रेस सेवादल के तीन दिवसीय जिला संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में ध्वजारोहण के साथ शिविर की शुरुआत हुई। ध्वजारोहण का कार्य राष्ट्रीय सचिव गुर्जर ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने संगठन का इतिहास बताया और कहा कि आज़ादी आंदोलन के दौरान 1923 में हिंदुस्तानी सेवादल के रूप में इसकी नींव रखी गई थी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सेवादल को कांग्रेस संगठन का अनुशासित अग्रिम दस्ता बताया।

कार्यक्रम में सेवादल जोन प्रभारी मोहन हटेला, शाहपुरा विधानसभा प्रत्याशी नरेन्द्र रेगर, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल डांगी, युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशन जाट और संजय पेडीवाल अतिथि रहे। सेवादल की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने आयोजन की तैयारियों में सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। संचालन विनोद पाठक, कैलाश सेन और विजय नागोरा ने किया।

इस मौके पर महिला सेवादल अध्यक्ष अनिता शक्तावत, दीपक भारद्वाज, अंकित तिवारी, रफीक टांक, मेवाराम खोईवाल, कुन्दन शर्मा, शिवराज सुराणा, संदीप टेलर, कस्तूरी देवी जाट सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश ने उमस व गर्मी से दिलाई राहत, बेड़च नदी उफान पर

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



( सांवर वैष्णव )- सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी व उमस से राहत दिलाई, वहीं क्षेत्र की बेड़च नदी उफान पर चलने के चलते बरुन्दनी बड़लियास व सिंगपुरा सारण मार्ग बंद हो गया । शुक्रवार सुबह से तेज गर्मी व उमस ने लोगों को परेशान किया, दोपहर को करीब आधे घंटे तक क्षेत्र में तेज बारिश का दौर चला, जिसे लोगों को राहत मिली । वही बड़लियास क्षेत्र से गुजर रही बेड़च नदी में पानी की आवक होने के चलते उफान पर आ गई । जिससे बड़लियास व बरुन्दनी मार्ग पर 2 से 3 फीट पानी पुलिया पर आने के चलते कई गांवों का संपर्क कट गया, दूसरी और सिंहपुरा व सारण मार्ग भी बाधित हो गया, जिसके चलते भीलवाड़ा का चित्तौड़गढ़ से संपर्क कट गया ।

# सवाईपुर स्कूल में खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को किया याद, खेले गए हॉकी मैच

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




(सांवर वैष्णव)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर में शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। विद्यालय के हॉकी मैदान में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक जगदीश चंद्र श्रोत्रिय ने विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों का भी जीवन में समान महत्व है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल भावना से आगे बढ़ने का आह्वान किया और बताया कि राज्य सरकार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नौकरी का अवसर भी दे रही है। डॉ. ठाकुर ने विद्यालय के छात्रों को निरंतर प्रशिक्षण देने वाले सीनियर हॉकी कोच जगदीश श्रोत्रिय, राधेश्याम जाट और अन्य खिलाड़ियों का सम्मान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के 17 व 19 आयु वर्ग के छात्रों, 14 आयु वर्ग के जूनियर छात्रों और छात्राओं के बीच मैत्री हॉकी मैच खेले गए। मैच का संचालन शारीरिक शिक्षक अशोक पोरवाल ने किया। मंच संचालन सत्यप्रकाश भारद्वाज ने संभाला। कार्यक्रम में किशनलाल जाट, अमरचंद गाड़ी, शांति लाल आचार्य, देवराज जाट, रामकुमार जाट, घनश्याम पुरोहित, ओमप्रकाश काष्ट, सांवरमल वैष्णव, विष्णु जाट, लवैश जैन सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# जिंदल सॉ की ब्लास्टिंग पर किसानों का गुस्सा, 59 दिन से धरना जारी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


जालिया रानिकपुरा फाई और देवपुरा गांव के किसानों ने जिंदल सॉ लिमिटेड की लापिया पॉइंट पर हो रही अवैध ब्लास्टिंग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों का आरोप है कि ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें पड़ रही हैं, खेतों को नुकसान हो रहा है और आबादी से मात्र 300 मीटर दूर यह गतिविधि लोगों की जान को खतरे में डाल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि भीलवाड़ा कोर्ट ने ब्लास्टिंग पर रोक लगाई थी, लेकिन कंपनी और प्रशासन आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। पहले हुए समझौते की शर्तें पूरी नहीं होने से नाराज किसान पिछले 59 दिनों से धरने पर बैठे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 1 सितम्बर तक ठेकेदार नहीं हटाया गया और शर्तें लागू नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और किसी भी हालत में खनन व ब्लास्टिंग नहीं होने देंगे।

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें ठेकेदारों से धमकियां मिल रही हैं, जबकि प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

# आज बिजौलियां व आसपास के गांवों में छह घंटे बिजली बंद

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**



क्षेत्रवासियों को शनिवार त को छह घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। 132 केवी जीएसएस बिजौलियां पर होने वाले मरम्मत व रखरखाव कार्य के चलते यह आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता ललित मेवाड़ा ने बताया कि 132 केवी जीएसएस बिजौलियां से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरों और 33/11 केवी जीएसएस बिजौलियां, सलावटिया, उमाजी का खेड़ा, भोपतपुरा, रिको, चांदजी की खेड़ी, कास्या व आट सहित संबंधित गांवों में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।



**QUICK BITES**

## ईद मिलादुन्नबी पर सूखा दिवस घोषित करने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




मुस्लिम समाज ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर पूरे प्रदेश में सूखा दिवस घोषित करने की मांग की है। कांग्रेस शहर महासचिव निसार सिलावट के नेतृत्व में समाजजनों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में ईद मिलादुन्नबी पर शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश जारी था, लेकिन सरकार बदलने के साथ यह फैसला समाप्त कर दिया गया। समाज ने इसे धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने अमन और भाईचारे का संदेश दिया तथा नशे को हराम बताया। शराब समाज में बुराइयों की जड़ है, इसलिए त्यौहार पर सूखा दिवस घोषित किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान उस्मान पठान, शाहिद देशवाली, ताहिर पठान, अकरम रंगरेज, रहिम कुरैशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रघुनाथपुरा में वृत स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**पेसवानी।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुरा मिडोलिया में वृत स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 14 वर्षीय वर्ग की कबड्डी, खो-खो, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाएं संपन्न हुईं।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत, कार्यक्रम की अध्यक्षता किशन गोदारा द्वारा की गई कार्यक्रम में प्रशासक गोपाल लाल बैरवा , पुर्व संरपच पन्नालाल खारोल , आनन्द तिवाडी, ओमप्रकाश जाट, महावीर जाट , प्रभु लाल शर्मा, भैरू लाल रेगर सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिरकत की और विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

अतिथियों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार करती हैं। विजेता व प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।


**भीलवाड़ा फोकस**

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com


# जावदा में 69वीं वृत्त स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

14 वर्षीय छात्र वर्ग की 69वीं वृत्त स्तरीय खेल, साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन शुक्रवार को जावदा में हुआ। समापन समारोह में वक्ताओं ने छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कारों के संरक्षण पर बल देते हुए मोबाइल के दुष्प्रभावों से दूर रहने की नसीहत दी।

मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ ने कहा कि बिजौलियां किसान आंदोलन और सामाजिक बदलावों की भूमि रही है, अब शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति की आवश्यकता है। अति विशिष्ट अतिथि धाकड़ महासभा की प्रदेश महिला अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ ने विवेक सुषमा धाकड़ चेरीटेबल ट्रस्ट के शैक्षिक प्रकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान आशा कुमारी भील ने की।

प्रतियोगिताओं में कबड्डी में कांठबड़ा विजेता व कास्यां उपविजेता रही। वॉलीबॉल में पथिक स्कूल रसदपुरा आरोली ने प्रथम व बालाजी शिक्षण संस्थान तिलस्वां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो में नया नगर ने पहला व बड़ोदिया ने दूसरा स्थान हासिल किया। साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की जनरल चैंपियनशिप थड़ोदा विद्यालय ने अपने नाम की। आयोजन समिति ने विजेता व उपविजेता टीमों के साथ निर्णायकों और सहयोगियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, एसीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा, उपप्रधान कैलाश धाकड़, सरपंच संघ अध्यक्ष मोहनलाल धाकड़, थड़ोदा सरपंच राजेश धाकड़, सुखपुरा सरपंच पांचू भील सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# त्रिवेणी से हुआ सुविचार अभियान का आगाज

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत का चिंतन शाश्वत, सर्वकालिक और सर्वजन हिताय है, जो आज भी विश्व की अमूल्य निधि के रूप में स्थापित है। वे त्रिवेणी स्थित सुमेरगढ़ रिसॉर्ट में शुक्रवार को सुविचार अभियान की प्रदेश स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

भैयाजी ने कहा कि मानव ने जीवनोपयोगी वस्तुओं से दूर रहकर प्रकृति से स्पर्धा शुरू कर दी है, जिसके दुष्परिणाम जल संकट के रूप में सामने आ रहे हैं। ग्राम विकास की संकल्पना भूमि संरक्षण और संवर्धन के बिना अधूरी है। कार्यक्रम में सरोज देवी फाउंडेशन के निदेशक तिलोकचंद छबड़ा, अपना संस्थान के प्रदेश सचिव विनोद मेलाना और एफईएस के शांतनु राज सिन्हा ने भी विचार रखे। इससे पूर्व भैयाजी जोशी ने माकड़िया चारागाह और जोजवा में चल रहे नव चरागाह विकास कार्यों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, उद्योगपति व संत महात्मा उपस्थित रहे।



# पूर्व छात्र के रूप में लौटे बोर्ड सचिव शर्मा, कोटड़ी विद्यालय में किया औचक निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने शुक्रवार को कोटड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उन्होंने शाला सम्बलन किया और बाद में ब्लॉक स्तर पर प्रधानाचार्यों की बैठक ली।

बैठक में शर्मा ने शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन, नामांकन स्थिति, जर्जर भवनों की मरम्मत, नकारा सामग्री का निस्तारण, सम्पर्क पोर्टल व आरटीआई प्रकरणों के निस्तारण सहित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने कोटड़ी ब्लॉक को पिछड़े ब्लॉकों की सूची से बाहर लाने के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी, जिस पर शर्मा ने संतोष व्यक्त किया।

गौरतलब है कि शर्मा स्वयं इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। अपने पुराने विद्यालय में आगमन पर उनका गरिमामय स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र अग्रवाल, सन्दर्भ व्यक्ति अनिल कुमार बांगड़, प्रधानाचार्य संजना व्यास सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



# दलसिंहजी खेड़ा-मालका खेड़ा मार्ग पर कीचड़ और गड्ढों से ग्रामीण परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ माल का खेड़ा**

**(सोराज सिंह चौहान)।** बिजौलिया पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांगटला के दलसिंहजी खेड़ा से मालका खेड़ा जाने वाला रास्ता कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण जर्जर हो चुका है। हालात ऐसे हैं कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि कई बाइक चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 100 छात्र-छात्राएं इसी रास्ते से विद्यालय आते हैं, लेकिन खराब मार्ग के कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीण भंवर सिंह ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद पंचायत प्रशासन ने अभी तक सुधार नहीं किया। ग्रामीणों ने यहाँ जल्द सड़क निर्माण कर स्थायी समाधान की माँग की है।



# प्रतापपुरा में जंगली सुअरों से फसलें बर्बाद, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

पंचायत समिति के प्रतापपुरा और आसपास के गांवों में जंगली सुअरों और अतिवृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इससे परेशान किसानों ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

युवा समाजसेवी शंकर गाडरी ने बताया कि मक्का, ज्वार, उड़द, मूंग व कपास जैसी फसलें पानी भरने और सुअरों के हमलों से नष्ट हो गई हैं। किसानों का कहना है कि वे गंभीर आर्थिक संकट में हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठाने की नौबत आ रही है। किसानों ने मांग की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए, राजस्व अधिकारियों से गिरदावरी करवाई जाए और सुअरों से बचाव के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए। ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और अधिकारियों से त्वरित राहत की मांग की।



# कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सावन कुमार जांगिड़ ने की।

पहले दिन योग एवं प्राणायाम सत्र का आयोजन सहायक आचार्य प्रणव व्यास ने कराया। साथ ही 'खेल एवं स्वास्थ्य' विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी हुई। खेल प्रभारी सुधा नवल ने गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा गौड़, एनएसएस प्रभारी रीना सालोदिया सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे। करीब 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# लाडपुरा में भादवी छठ मेले में 800 किलो दाल-चावल का भोग





भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा

भादवी छठ पर शुक्रवार को बिहारी नाथ भगवान देवनारायण मंदिर में मुख्य मेले का आयोजन हुआ। भगवान को 800 किलो दाल-चावल का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया। लाडपुरा में 72 वर्षों से यह मेला परंपरागत रूप से आयोजित होता आ रहा है। दिनभर श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ते रहे और मंदिर परिसर विशेष सजावट से सजा रहा। शनिवार को गोरी नृत्य के साथ मेले का समापन होगा। मेला कमेटी के संरक्षक रणजीत सिंह सख्तावत, अध्यक्ष नंदकिशोर सनाढ्य व अन्य पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि मंदिर की भूमि सैकड़ों बीघा क्षेत्र में फैली हुई है। मेले में विधायक गोपाल खंडेलवाल, प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, प्रशासनिक अधिकारी, मेला कमेटी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। श्री सांवरिया सेवा संस्थान द्वारा जल सेवा की व्यवस्था की गई।

# छलर घटियाली मंदिर पहुंचे विधायक, सड़क व विद्युत कनेक्शन की सौगात

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़




ग्राम पंचायत बाकरा के कांस्या गांव स्थित छलर घटियाली प्राचीन देवनारायण मंदिर में भादवी छट मेले के अवसर पर शुक्रवार को विधायक गोपीचंद मीणा ने दर्शन किए। उन्होंने मंदिर तक करीब 3 किमी सड़क निर्माण और विद्युत कनेक्शन की घोषणा की। विधायक ने कहा कि यह स्थल 1100 वर्ष पुराना आस्था केंद्र है, जहां भगवान देवनारायण उज्जैन मालवा से आते समय ठहरे थे। यहां रथ और घोड़े के खुरों के निशान आज भी मौजूद हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस स्थल को देवस्थान विभाग से पुरातत्व धरोहर घोषित करवाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सोहनलाल नामा, उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# मीणा नयागांव में देवनारायण मेले का भव्य आगाज, विधायक मीणा ने की कई घोषणाए

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

श्रीदेवनारायण मंदिर मीणा नयागांव में भादवा सुदी पंचमी पर गुरुवार रात भव्य भजन संध्या हुई। सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियों से माहौल भक्ति रस में डूब गया। शुक्रवार को लाखों भक्तों ने विशाल प्रसादी का आनंद लिया।

कार्यक्रम में जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान आशा बागड़ी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच से कोटा-अजमेर मार्ग से मंदिर परिसर तक 3 करोड़ की चार लेन सड़क और 5 लाख की हाईमास्क लाइट लगाने की घोषणाएँ की गई। शुक्रवार को भगवान श्रीदेवनारायण की बेवाण, ध्वजा व फताका के साथ विशाल जुलूस निकाला गया,



जिसमें घुड़सवारों व भक्तों ने नृत्य कर उत्साह बढ़ाया। जगह-जगह पुष्प वर्षा और जल-फल वितरण किया गया। इस वर्ष मंदिर खजाने में 1 करोड़ 53 लाख से अधिक दान प्राप्त हुआ। मेला समिति और प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में आयोजन शांतिपूर्ण व ऐतिहासिक रहा।

# ढ़ेलाणा में हरि बोल प्रभात फेरी व छप्पन भोग, गांव गुंजा भक्तिरस से

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। ढ़ेलाणा गांव स्थित देवनारायण मंदिर पर हरि बोल प्रभात फेरी व छप्पन भोग का आयोजन हुआ। सुबह 9ः15 बजे देवनारायण मंदिर से निकली प्रभात फेरी चारभुजानाथ मंदिर, मुख्य बाजार, तेजाजी चौक व अन्य स्थानों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा हुई और ग्रामीणों ने पेयजल व अल्पाहार की व्यवस्था की। प्रभात फेरी में आसपास के 51 गांवों की फेरियां शामिल हुई, जिसका संचालन ओमप्रकाश भट्ट सांगानेर ने किया।

दोपहर 1.15 बजे मंदिर पर छप्पन भोग सजाया गया और प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भादवी छट पर देवालयों में उमड़ी भीड़, भजन संध्या में झूमे भक्त

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। भादवी छट पर सवाईपुर सहित आसपास के गांवों के देवनारायण मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

रात्रि जागरण व भजन संध्याओं में कलाकारों ने भजनों, नृत्य और कॉमेडी प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय बना दिया।

देर रात तक चले कार्यक्रमों में श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे।



# भागचंद झांझावत कंजर वीर भारतीय सेना के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

कंजर वीर भारतीय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकृष्णचंद सिसोदिया ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी विस्तार करने के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी में राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर भागचंद झांझावत को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद मनोनीत किया है।

भागचंद झांझावत के राजनीतिक व सामाजिक परिदृश्य व उनके समाज हित में उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए



समाज उत्थान के लिए झांझावत को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। झांझावत को शुभ चिंतको ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## QUICK BITES

# आकोला में भादवी छठ पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला




जसवंत पारीक। कस्बे सहित आसपास के गांवों में भादवी छठ पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। देवस्थान मंदिरों में रात्रि जागरण व भजन संध्याओं का आयोजन हुआ।

शुक्रवार को देव भक्तों ने डीजे के साथ देवध्वज की शोभायात्रा निकाली और मंदिरों पर ध्वजा चढ़ाई। आकोला के कांटोलाई देवनारायण मंदिर सहित विभिन्न देवस्थानों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां दर्शन कर लोगों ने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

# बिज़ोलिया में भादवि छठ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



नगर एवं आसपास के गांवों में भादवि छठ पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फूटा कोट स्थित देव नारायण मंदिर और देव डूंगरी स्थिति मंदिर में आकर्षक सजावट की गई। रात्रि जागरण और भजन संध्याओं का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भगवान देव नारायण के दर्शन कर खुशहाली की कामना की।

# गेणोली में भादवी छठ मेला शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



गेणोली गांव स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में भादवी छठ पर्व मेले का आगाज भजन संध्या से हुआ। कलाकार अशोक शर्मा, दिलीप कुमार बस्सी और ओमप्रकाश ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। मेला समिति अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट ने बताया कि आने वाले दिनों में कार्यक्रम धूमधाम से जारी रहेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# काछोला में भादवी छठ महोत्सव की धूम, थानकों पर उमड़ी भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



क्षेत्र में भादवी छठ महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। ककरोलिया घाटी, दलपुरा, राजगढ़, थल समेत कई गांवों के देवनारायण मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु पैदल यात्राएं कर धोक लगाने पहुंचे। भक्ति और उल्लास से जुड़े इस पर्व पर मेले लगे, जिनमें प्रसाद, झूले, खिलौने व खान-पान के स्टॉल सजे। जगह-जगह भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया और श्रद्धालुओं से सतर्क रहने व सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।